Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 07-07-2022 अंक 277

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# तिलैया रोड पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रक से 174 तीन वेजिटेबल ऑयल की चोरी, मामला संदेहास्पद

## सीसीटीवी कैमरा में चोरी की वारदात कैद, पुलिस छानबीन में जुटी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत तिलैया रोड स्थित पेट्रोल पंप परिसर में एडीबल वेजिटेबल ऑयल से लोड एक खडी ट्रक संख्या जेएच 02 एक्यू/ 4520 से लाखों रुपये का वेजिटेबल अ०यल चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक उक्त ट्रक व लोड समान का मालिक बरही हजारीबाग रोड निवासी मां जगदंबा ट्रेडिंग बरही के प्रोपराइटर रंजीत केशरी (पिता सीताराम केशरी) का बताया जा रहा है। । प्रोपराइटर रंजीत केशरी के सूचना पर पुलिस जब पहुंची तो पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो पाया कि रात्रि करीब मंगलवार सुबह 2.40 बजे त्रिपाल से ढका एक अज्ञात आयशर गाड़ी आता है और रंजीत केशरी के उक्त ट्रक के बिल्कुल पिछले हिस्से से सटा कर खड़ा कर दिया जाता है । करीब



इसी ट्रक से चोरी किया वेजिटेबल ऑयल

20 मिनट में माल चोरी कर चलाक भाग जाता है। बताया गया कि करीब तीन लाख का एडीबल वेजिटेबल अ०यल की चोरी हुई है। इस बाबत ट्रक व लोड समान का मालिक बरही के गल्ला व्यवसायी रंजीत केशरी ने बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि मंगलवार को मेरा ट्रक का ड्राइवर कोनरा शादी मोहल्ला निवासी मो. लियाकत (पिता कारू मियां) ट्रक में वैभव एडीबल्स प्राइवेट लिमिटेड, कानपुर उत्तर प्रदेश से 1500 टीना एडीबल वेजिटेबल ऑयल लोड कर बरही लेकर आया था। जिसको मेरे ही कंपनी मां जगदंबा ट्रेडिंग बरही के गोदाम में खाली करना था। मौसम खराब होने व रात्रि में मजदूर नहीं मिलने के कारण ट्रक से माल खाली नहीं हुआ। ट्रक को वारसी पेट्रोल पंप तिलैया रोड, बरही में बीते रात्रि (मंगलवार) करीब 7.30 बजे खड़ी कर ड्राइवर अपने घर चला गया। अगले दिन बुधवार को सुबह करीब 4:00 बजे पेट्रोल पंप का स्टाफ मेरे ड्राइवर को फोन कर बताया कि आपका गाड़ी से माल चोरी हो गई है। उसके बाद मेरा ड्राइवर मुझे फोन कर चोरी के बारे में बताया तो मैं तुरंत उठ कर अपने गाड़ी के पास गया। घटनास्थल पर अपने स्तर से जांच पड़ताल करने के दौरान बरही थाना को भी इसकी सूचना दिया। सूचना मिलने पर सुबह में बरही थाना का गश्ती पुलिस दल वहां पहुंच कर छानबीन किया। वहीं माल मिलाने लगे तो उसमें 174 टीना अ०यल गायब पाया गया। अगल-बगल पता किए तो किसी ने कुछ नहीं बताया। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में चेक किए तो देखें कि बुधवार को समय करीब 2:40 बजे रात्रि को किसी अज्ञात आयशर गाड़ी मेरे गाड़ी के पीछे सटाकर खड़ी किया। उसके बाद उसमें से कुछ अज्ञात व्यक्ति निकला व मेरे ट्रक का तिरपाल और रस्सी काट कर गाड़ी से माल अपनी गाड़ी में पलटी कर चोरी कर समय करीब 3.09 बजे भाग गया। इधर पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। ट्रक के चालक से पूछताछ व सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। वहीं बरही में लगातार चोरी की घटना बढ़ रही है। जिसमे पुलिस को ध्यान देने की जरूरत है।

# लालू यादव के स्वास्थ्य में सुधार के लिए आरजेडी नेत्री पूनम यादव ने की पूजा अर्चना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बिगड़ती तबियत से पूरा देश के लोग चिंतित है। कोई हवन पूजन कर लालू के स्वास्थ्य होने की कामना कर रहा है तो कोई सलामती के लिए दुआ मांग रहा है। इसी कड़ी झारखंड आरजेडी के युवा प्रदेश महासचिव पूनम यादव ने पहाड़ी मंदिर में लालू के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हवन किया। वहीं पूनम यादव ने कहा की लालू यादव के अच्छी सेहत के लिए पहाड़ी मंदिर रांची



गई थी और हम सभी ईश्वर से प्रार्थना कर रहे है की हमारे नेता राजद के सुप्रीमो लालू यादव स्वास्थ्य हो जाए। बता दे की लालू प्रसाद यादव इन दिनों बीमार चल रहे है। पटना के पारस हॉस्पिटल से उन्हे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स शिफ्ट किया गया है। इस घटना से राजद के सभी कार्यकर्ता काफी चिंतित और परेशान है।

# बकरीद को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक, शान्ति एवम सौहार्द के साथ पर्व मनाने का निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना परिसर में गुरुवार संध्या चार बजे बकरीद पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। वहीं बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य जनप्रति. निधियों ने बरही में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने का अपील किया। वहीं बरही एसडीपीओ नजीर अख्तर ने बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से अपील किया की शान्ति पूर्ण तरीके से बकरीद मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता कर रही बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने प्रखंड के सभी मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अपील किया की अपने अपने पंचायत में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।



शान्ति समिति की बैठक में शामिल लोग

जगह जगह पर पुलिस गस्ती भी जारी रहेगी। मौके पर बरही बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, कोबरा 203 के डिप्टी कमांडेंट अशोक कुमार, बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, बरही महिला थाना प्रभारी बबीता कुमारी, बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जीप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, बरही पूर्वी पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव कुंदन कुमार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डॉ राजीव भारती, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, अमित साहू, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, डोमन पांडेय, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सूरज दास, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम, तौकीर रजा, मो ताजुद्दीन, दुलमहा पंचायत के पूर्व मुखिया मो बेलाल, दुलमहा मुखिया नरायण यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, मनोज उपाध्याय, हरी यादव, नौरंगी कुमार, सचिन यादव सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।

# केदारूत में किसानों के बीच धान बीज का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत में किसानों के बीच धान का बीज वितरण एवं पैक्स सदस्य शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम शामिल हुए। वहीं लाभुको के बीच पांच क्विंटल हाइब्रिड धान का और साठ क्विंटल अन्य धान का बीज वितरण किया गया। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की धान की खेती करते समय कच्चा गोबर का उपयोग नहीं करे। कच्चा गोबर का उपयोग करने से धान में





धान बीज का वितरण करते हुए

कीड़ा लगने का संभावना बढ़ जाती है। जिससे धान का उपज सही मात्रा में नही हो पाता है। साथ ही साथ उन्होंने सभी किसानों से अपील किया की धान रोपने से पहले खेत में जिंक सल्फेट का छिड़काव करे। मौके पर स्थानीय मुखिया सरिता देवी, एम ओ आजाद सिंह, बीसीओ संजय यादव, समाजसेवी रमेश ठाकुर, पंसस विकास ठाकुर, दशरथ यादव , समाजसेवी पप्पू खान सहित गांव के दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

दिनांक: 07-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर



## चाणक्य आइएएस एकेडमी सभागार में अभिभावकों से रूबरू हुए सक्सेस गुरू एके मिश्रा

### कहा, अभ्यर्थियों के लक्ष्य यात्रा में अभिभावक करें सहयोग, मंजिल होगी आसान





**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग। बीते 6 जुलाई को कैरियर सेमिनार में हजारों छात्र-छात्राओं को सफलता का मूल मंत्र देने वाले चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर सक्सेस गुरू एके मिश्रा, गुरूवार को चाणक्य आइएएस एकेडमी सभागार में बड़ी संख्या आए अभिभावकों से रूबरू हुए और अभ्यर्थियों की कामयाबी में अभिभावकों की भूमिका की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में खुद की सही दिशा में नियमित मेहनत व संस्थान के उचित मार्गदर्शन के साथ साथ अभिभावकों की भूमिका भी काफी अहम होती है। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों के लक्ष्य यात्रा में उसका साथ दें। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को पहले प्रयास में ही सफलता नहीं मिलती, यह स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में कभी अपने बच्चों की तुलना किसी अन्य से करते हुए उसे हतोत्साहित ना करें बल्कि उसे प्रोत्साहन दें, सफलता ज़रूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक वक्त ऐसा भी था जब ग्रामीण इलाके के छात्र या निर्धन छात्र यूपीएससी व जेपीएससी के बारे में नहीं सोंच पाते थे, उन्हें लगता था कि यह केवल शहरों और अमीरों के लिए है, लेकिन चाणक्य आइएएस एकेडमी आज इस अवधारणा को बदलने में कामयाब हुआ है। वैसे तो देश भर के 16 राज्यों में 22 शाखाएं चाणक्य आइएएस एकेडमी की संचालित है, जिसमें केवल झारखंड के हजारीबाग, रांची और धनबाद में ही तीन शाखाएं संचालित हैं, जहां ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थी भी यूपीएससी और जेपीएससी में सफलता हासिल कर इस अवधारणा को बदल दिया है। श्री मिश्रा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि बेहतर पढ़ाई के लिए संतुलित आहार ज़रूरी है। साथ ही दिनचर्या बनाकर कार्य करने की सलाह अपने बच्चों को दें और खुद भी उसपर अमल करें ताकि घर का अनुशासन कायम रहे। अभिभावकों को सामाजिक आलोचनाओं को भी अनदेखा करने की सलाह देते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि आप अपने बच्चों के लक्ष्य यात्रा में पूरा सहयोग तबतक करते रहें जबतक उसे मंजिल नहीं मिल जाती है। श्री मिश्रा ने अभ्यर्थियों से समस्याओं को अवसर के रूप में देखने की सलाह दी और लक्ष्य प्राप्ति तक अपने लक्ष्य के बढ़ते दिशा में कार्य करने को कहा। साथ ही अभ्यर्थियों को जरूरत पड़ने पर ही सोशल मीडिया प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक सोशल मीडिया का प्रयोग घातक साबित हो सकता है। मौके पर सक्सेस गुरू एके मिश्रा के साथ साथ संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, एकेडमिक हेड अनवर हुसैन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स की वृद्धि के खिलाफ नव निर्माण संघर्ष समिति ने दिया एक दिवसीय विशाल धरना

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच के शहिद स्मारक में नव निर्माण संघर्ष समिति डोमचांच के पदाधिकारीगण, सदस्यगण सहित आमलोगों के द्वारा नगर पंचायत में बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि एवं अन्य कई माँगो को लेकर एक दिवसीय विशाल धरना व प्रदर्शन किया गया। साथ ही अपनी माँग पत्र को झारखंड के राज्यपाल के पास कोडरमा जिला उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया। माँग पत्र में झारखण्ड सरकार द्वारा किये गये बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि को वापस लो, रोजगार विहिनता को समाप्त करो, अन्यथा नगर पंचायत डोमचांच को भंग करो, विशाल जलाशय का निर्माण करो और पेयजलापूर्ति एवं सिंचाई व्यवस्था सुव्यवस्थित करो, नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित महेशपुर हॉल्ट को महेशपुर स्टेशन में तब्दील करो आदि मांगे शामिल है। साथ ही बताते चले की उपस्थित सभी लोगों ने धरना प्रदर्शन के दौरान अपनी बातों को रखते हुए जनता के समस्याओ को उठाने का काम किया। मौके पर नव निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष मनोज रजक, बसंत मेहता, महासचिव शैलेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव सुनिल सिन्हा, त्रिलोचन मेहता, लीलावती मेहता, रौशन सिन्हा, अशोक यादव, देव नारायण यादव, शिव कुमार मेहता, संजय कुमार मेहता, मनोज ज०नी, वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, पवन गोस्वामी, मन्ना राम, सुजीत मेहता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



संवाददाता बरकट्ठा : प्रखंड में ईद उल अजहा (बकरीद ) का त्योहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर बरकट्ठा व गोरहर थाना परिसर में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए शांति समिति की बैठक सीओ श्रीकांत लाल मांझी की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। संचालन दर्शन सोनी ने की । बैठक में मुख्य पुलिस निरीक्षक अमित लकड़ा , प्रमुख प्रतिनिधि उमेंश चौधरी व जीप प्रतिनिधि सीके पांडेय उपस्थित थे। मौके पर सीओ श्रीकांत लाल मांझी ने लोगों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि त्योहार में सरकारी आदेशों का अनुपालन करें। साथ ही अफवाहों से बचें। इंस्पेक्टर अमित लकड़ा ने कहा कि बकरीद का पर्व शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाएं साथ ही बकरीद में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही दी जानी है व सरकारी नियमों का पालन करते हुए नमाज़ अदा करें। मौके पर समाज सेवी मो यासीन खां, मुखिया इंददेव प्रसाद, सुशील कुमार पांडेय मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र कु शर्मा,पूर्व मुखिया बसन्त साव, मुखिया शंकर दास, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, मुखिया प्रति. निधि श्याम साव, मो खलील अंसारी, केदार साव, शेर मोहम्मद, दिनेश मंडल पूर्व मुखिया मोईन अंसारी, मो इम्तियाज भारती, इस्राइल अंसारी, छोटेलाल मेहता, अनिल आजाद, पंसस प्रतिनिधि मो सिराज अंसारी, उत्तिम महतो, रामजी बेसरा, गोपी प्रसाद, सुरेश पांडेय, रामखेलावन यादव मो सत्तार खां, मो मिनहाज खां समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह इकाई की बैठक सह पुनर्गठन संपन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह एलआइसी शाखा कार्यालय परिसर में 07जुलाई को बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई की वार्षिक आम बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान चुनावी प्रक्रिया द्वारा सर्वसम्मति से संजय शर्मा को अध्यक्ष तथा धर्म प्रकाश को सचिव चुना गया। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई की वार्षिक आम बैठक संजय शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल उपाध्यक्ष हेमंत मिश्रा, संयुक्त सचिव सुमित सिन्हा तथा नीरज कुमार एवं संगठन सचिव अमरजीत राजवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत शाखा सचिव धर्म प्रकाश के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर किया गया। प्रतिवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विनिवेशीकरण नीतियों को तेजी से वढा रही है, जिसके तहत देश की परिसंपत्तियों को बेचा जा रहा है। देश में महंगाई बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है ,रुपया का अवमूल्यन हो रहा है, लोगों का जीवन जीना दूभर सा हो गया है। देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ रही है। एलआईसी देश की काफी सुदृढ वित्तीय संस्था है जो देश के आधारभूत संरचना के विकास में अहम भूमिका निभा रही है ।ऐसी संस्था को भी केंद्र सरकार ने आईपीओ के माध्यम से विनिवेश कर दिया तथा 3,50 प्रतिशत शेयर बेचकर 21000 करोड़ की उगाही किया। हमारी यूनियन इसका विरोध करती हैं। मंडल के महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि अभी देश में केंद्र सरकार के द्वारा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक उन्माद फैला रही है। अभी एलआईसी के शेयर का भाव बाजार में गिर रहा है। इसे प्रचारित किया जा रहा है कि एलआईसी की स्थिति अच्छी नहीं है जो बिल्कुल गलत है एलआईसी प्रतिवर्ष शानदार वृद्धि दर्ज कर रही है। जोनल ज्वाइंट सेक्रेट्री हेमंत मिश्रा ने कहा कि भारत में लोगों से भोजन ,शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतों को छीना जा रहा है। देश के शासक वर्ग के द्वारा कारपोरेट जगत को फायदा पहुंचाने के लिए श्रम नीति को भी संशोधित किया गया। बैठक को मंडलीय संयुक्त सचिव सुमित सिन्हा तथा नीरज कुमार, संगठ्न सचिव अम. रजीत राजवंशी, पेंशनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता , संयुक्त सचिव अलगू प्रसाद ने भी संबोधित किया।

बैठक में सत्र 2022 के लिए सर्वसम्मति से पुनः संजय शर्मा को अध्यक्ष तथा धर्म प्रकाश को सचिव चुना गया विजय कुमार अनुराग मुर्मू राजेश कुमार उपाध्याक्ष श्वेता कुमारी को संयुक्त सचिव, डेनियल मरांडी तथा कुमकुम वाला वर्मा को उपाध्यक्ष, श्वेता को संयो. जिका महिला उप समिति एवं अभय कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में मंडलीय सहायक सचिव अनुराग मुर्मू विजय कुमार राजेश कुमार उपाध्याय उमा नाथ झा कुमकुम वाला बर्मा नीतीश कुमार गुप्ता नीरज कुमार सिंह अंजली श्वेता सबा परवीन प्रज्ञानंद सुकृति बर्मन गौरव सिंह प्रीतम कुमार मेहता प्रभात शर्मा कुलदीप कुमार रवि महेश्वरी वर्मा सुनील कुमार वर्मा संजय कुमार शर्मा सहित गिरिडीह शाखा के तमाम कर्मचारियों एवं दैनिक भोगी कर्मचारियों ने भाग लिया।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बेडोकला में अमृत महोत्सव को ले बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा पंचायत सचिवालय बेडोकला में आजादी का 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड सरकार के आदेशानुसार अमृत महोत्सव कार्यक्रम मुखिया रिंकी देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई,जिसमे मुख्य रूप से आजीविका मिशन, स्वस्थ्य ग्राम,बाल मैत्री संबंध ग्राम,पेयजल की समुचित व्यवस्था ,जल संरक्षण ,सामाजिक समरसता तथा विकासशील ग्राम का निर्माण मुख्य कार्य उद्देश्य है। मुखिया ने कहा कि सहयोग से ही हमलोग पंचायत का सर्वांगीण विकास संभव है।साथ ही मैं अपने पंचायत का विकास के लिए अपनी अहम भूमिका रखूंगी। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव धनेश्वर गोप,बीएफटी दिलीप कुमार दास, जीपीएस रघुनंदन सिंह , बेडोकला पंचायत समिति सदस्य यूसुफ अंसारी,रामचंद्र साव,मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडे उपमुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव देवीलाल साव,मुमताज अंसारी,सुरेंद्र यादव,अजय यादव ,उमेश यादव ,दसरथ यादव,रंजीत यादव उमेश गुप्ता ,पंचायत के सभी वार्ड सदस्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए।







## बरही के स्थानीय बेरोजगार युवाओं के साथ एचपीसीएल प्लांट पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव, रोजगार देने को लेकर उठायी आवाज





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ रियाडा स्थित एचपीसीएल गैस प्लांट पहुंचकर स्थानीय लोगो को कंपनी में रोजगार देने का मांग किया। उन्होंने बताया कि आज यह गैस प्लांट कभी नही बनता, जब यहां के लोगों ने अपनी जमीन रियाडा को दिए तब जाकर यहां कंपनियां बैठ रही है। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीण रियाडा को जमीन इस आशा और विश्वास के साथ दिए थे ताकि यहां के स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। यहां के लोगो का जीवन स्तर का विकास हो, लेकिन अब तक रियाडा के भूमि पर जितने भी कंपनी स्थापित हुए हैं, किसी ने स्थानीयता का ख्याल नही रखा है। उन्होंने कहा कि बरही के बेरोजगार युवा दूसरे प्रदेशों में जाकर नौकरी करते है लेकिन जब उन्हें यहां रोजगार उपलब्ध हो जाएगा तो वह अपने परिवार को छोड़कर दूसरे प्रदेश नही जाएंगे। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए अन्यथा बाध्य होकर यहां के लोगों के साथ गोलबंद होकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। कहा कि बाहर के लोग यहां आकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे है लेकिन यहां के लोगों को सिर्फ ठगा जा रहा है। वह किसी भी हालत में यह बर्दाश्त नही करेंगे। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल बरही के हेड राजेश सिन्हा मौजूद नही है लेकिन उनसे टेलीफोनिक वार्ता हुई है। उनके आने के बाद पुनः उनसे मुलाकात करते हुए यहां के लोगो की बात उनतक पहुंचाई जाएगी। मौके पर पुर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, परमेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, इंदरदेव ठाकुर, सचिन यादव, संदीप निषाद, भीम यादव, विकास यादव, दीनानाथ यादव, नागेश्वर यादव, इंदरदेव यादव, नीतीश यादव, मनोज राणा, ईश्वर सिंह, दिनेश चंद्रवंशी, धीरज चंद्रवंशी, धर्मेंद्र यादव, सीधेश्वर सिंह, सतेंद्र सिंह, राज कुमार यादव, राहुल कुमार, रंजन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जिला बाल सरंक्षण समिती सह चाइल्ड लाइन सलाहकार बोर्ड की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह नया समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार 06जुलाई 2022को जिला बाल सरंक्षण समिती सह चाइल्ड लाइन सलाहकार बोर्ड (डीसीपीसी) गिरिडीह की की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निम्न मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया– 1–सभी प्रखंडो में गठित प्रखंड स्तरीय बाल सरंक्षण समिती तथा ग्राम बाल सरंक्षण समितीयों का सशक्तिकरण हेतु प्रखंड स्तर एवं ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। 2–बाल मजदूरी के खिलाफ़ लोगों में जागरूकता अभियान चलाना तथा समय समय पर धावा दल (रेड टीम) के माध्यम से बाल मजदूरों को होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों से मुक्त करवाना। 3–बाल विवाह के खिलाफ़ लोगों को जागरुक करना एवं बाल विवाह की सुचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड बाल विवाह निषेध पदाधिकारी द्वारा अविलंब कार्यवाई करना तथा इस सम्बन्ध में चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ताओं को सहयोग करना। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि होने वाले बाल विवाह के निषेध हेतु सूचकों की सूची तैयार करेंगे। 4–बाल व्यापार से प्रभावित प्रखंड़ों में बाल व्यापार उन्मूलन हेतु सघन्य अभियान चलाया जाना 5–सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों, ग्राम एवं प्रखंड स्तर पर बाल विवाह उन्मूलन हेतु जागरुकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन करना एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की छात्राओं को उक्त प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय भ्रमण करवाना साथ ही एसडीओ एवं एसडीपीओ के द्वारा नजदीकी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं के साथ वार्तालाप करना 6–विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा पुलिस बाल कल्याण पदाधिकारीयो का ज़िला बाल सरंक्षण इकाई के साथ समय समय पर जेजे एक्ट से सं. बंधित प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों को बुलाकर किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है 7–चाइल्ड लाइन ट०ल फ्री नंबर 1098का प्रचार प्रसार हेतु प्रखंड मुख्यालयों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनो, अस्पतालों एवं जिले के सभी पुलिस थानों में दीवाल लेखन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाना है ताकि आम जनता को इसकी स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो साथ ही आंगनबाड़ी स्तर पर दीवाल लेखन एवं अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार करना। 8–स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित बच्चो को आय प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई होती है जिससे बच्चो को स्पॉन्शरसिप योजना का लाभ मिलने में विलम्ब हो जाता है। अंचलाधिकारी द्वारा आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को तेजी लाने का निर्देश दिया गया 9–जिले के सभी पुलिस थानों में बाल मित्र थाना बनाया गया है जिसे और सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है 10–बाल विवाह, बाल ट्रैफिकिंग, बाल श्रम आदि के निषेध हेतु आवश्यक कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया।

## बकरीद पर्व को लेकर थाना में शांति समिति बैठक सम्पन्न

### प्रमुख और उप प्रमुख को नहीं मिला था निमंत्रण





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी थाना परिसर में गुरुवार को आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक का अध्यक्षता कर रहे बिरनी बीडीओ सुनील कुमार ,और थाना प्रभारी अमरजीत सिंह कर रहे थे। जिसमें सरिया अनुमंडल एसडीपीओ नोसाद आलम ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी दुश्मनी को भुलाकर भाई चारे का संदेश देता है। इसलिए यह पर्व शांति सौ. हार्द के साथ साथ भाई चारे के साथ मनाए।ओर सरकारी गाइड लाइन का पालन हो।वही थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थल को छोड़कर इस त्योहार को मनाए सोशल मीडिया के गलत अफवाह से दूर रहे अशांति फैलाने वाले पर कड़ी नजर रखे और इसकी सूचना प्रशासन को दे।वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने कहा कि इस पर्व में समय पर नमाज अदा करने के साथ साथ लोग आपसी सम्बन्ध को बनाये रखे और किसी भी कोई मामला आता है। तो तुरन्त प्रशासन को अवगत कराएं।इस अवसर पर मुख्य रूप से एसडीपीओ नोसाद आलम इंस्पेक्टर बीरेंद्र टोप्पो थाना प्रभारी अमरजीत सिंह एस आई मुकेश दयाल सिंह मुखिया सतेंद्र राउत किशुन राम विशुनदेव वर्मा ललन सिंह सहदेव यादव निरंजन वर्मा रामलखन वर्मा राज. कुमार नरायन सिंह आजसू नेता अमित गुप्ता पंचायत समिति सदस्य अली असगर अंसारी अनवर अंसारी समेत सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।




## बैठक में शामिल नही होती निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि, पति कब्जाए रहते हैं पति

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झारखंड राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो चुकी है। शपथ ग्रहण भी करवाया जा चुका है जिला प्रशासन द्वारा। झारखंड सरकार ने राज्य में संपन्न पंचायत चुनाव में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के परिजनों पर किसी भी बैठक या कार्यक्रम में शामिल होने पर अंकुश लगा चुकी है। झारखंड सरकार ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि महिला जनप्रतिनिधियों के पति, पिता या परिजनो को बैठक या सभा में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ग्राम सभा, पंचायत या जिला स्तर पर होनेवाली किसी भी बैठक में उनके प्रवेश पर रोक लगाई गई है। पंचायत, प्रखंड या जिला परिषद् में निर्वाचित महिला प्रति. निधियों के बैठने के लिए चिन्हित जगह या कार्यालय में उनके पति या परिजन नही बैठ सकते हैं। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने निर्देश जारी कर चुके हैं कि विभाग की ओर से झारखंड के तमाम जिलों को निर्देश जारी किया गया है कि अधिकांश गांव देहात में घर से निकल कर पंचायत चुनाव जीतने वाली मं. हलाओं के बदले उनके पति या परिजन सरकारी कार्यक्रमों और बैठकों में हावी रहते हैं। स्थानीय क्षेत्र की जनता उन्हें मुखिया पति, उपमुखिया पति,पंचायत समिति सदस्य पति, जिला परिषद सदस्य पति, प्रमुख पति, उप प्रमुख पति, जिला परिषद अध्यक्ष पति, जिला परिषद उपाध्यक्ष पति , वार्ड सदस्य पति के रुप में जानती और पहचानती है। किसी काम के लिए महिला जनप्रतिनिधि के बदले उनके पति या परिजन के पास ही जाते हैं। महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या परिजन के बैठक या सभा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार नेशनल इंप्लीमेंशन कमिटी द्वारा आदेश जारी किया गया है कि आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम के दौरान सभी हाउस होल्ड, पंचायती राज इंस्टीव्यूट, सेल्फ हेल्प ग्रुप, आंगनबाड़ी, हेल्थ सब सेंटर, क०परेटिवस, डिफरेंट लेबल सब पोस्ट ऑफिस एवं इन सभी संस्थाओं के फ्रंट लाइन वर्कर को 11/08/2022से लेकर 15/08/2022तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ग्राम पंचायतों में 04जुलाई से 10जुलाई तक इकोनिक वीक अन्तर्गत सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के लिए होनेवाली गतिविधियों की विवरणीः04जुलाई को प्रस्तावित गतिविधि/ कार्यक्रमसतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण विषय पर पंचायत स्तरीय सम्मेलन सतत विकास लक्ष्यों का अनुक्षेत्र/विषय–(1) बाल सुलभ पंचायत (2) गांव में लैंगिक समावेशी विकास प्रमुख प्रतिभागी–ग्राम पंचायत के कार्यकारी समिती के प्रधान एवं सदस्य, पंचायत सचिव, पंचायत स्तर के अन्य संबंधित विभागों के कर्मी यथा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, शिक्षक, सेल्फ हेल्प ग्रुप सदस्य, महिला ग्रुप के सदस्य, ग्राम सभा के चयनित सदस्य/ग्राम पंचायत क्षेत्र के सम्मानित सदस्य आदि। वातावरण निर्माण हेतु प्रस्तावित गतिविधि–आठवीं से ऊपर के विद्यार्थियों द्वारा साईकिल रैली 05जुलाई को पंचायत में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के प्रोत्साहन 6जुलाई को स्वस्थ गांव और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव विषय पर सम्मेलन 7जुलाई को त्रिस्तरीय पंचायतों के अपने आय के साधन में वृद्धि पर सम्मेलन 8जुलाई को जल पर्याप्त गांव और स्वच्छ एवं हरा गांव विषय पर सम्मेलन जल सहिया के सहयोग से प्रभात फेरी/जागरूकता रैली 9जुलाई को गरीबी मुक्त व बढ़ती हुई अजीविका युक्त गांव और अच्छे शासन का गांव विषय पर सम्मेलन 10जुलाई कोपंचायत के विकास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग विषय पर सम्मेलन तथा सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण विषय पर सम्मेलन। जो भी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं उनमें महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर पति कुर्सी पर कब्जा जमाए नज़र आए। सरकार महीला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को आरक्षण दे रही है वहीं उनके पति सरकार के मंसूबे पर पानी फेरते नज़र आ रहे हैं। सरकार के नियम कानून को जब महिलाप्रतिनिधि के पति नही मानते हैं तो जनता की कितना सुनेंगे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। जिला प्रशासन को कड़े कदम उठाने की जरूरत है वरना महिला केवल नाम की रह जायेगी और सारे बैठक में उनके पति या परिजन ही शमिल होते रहेंगे। यह दृश्य गिरिडीह जिला के प्रत्येक पंचायत सचिवालय में आसानी से दिख जायेंगे।

## हजारीबाग जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


जिप सदस्य शेख तैयब

विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने विष्णुगढ़ प्रखंड समेत पूरे हजारीबाग जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। इस आशय से संबंधित पत्र उन्होंने हजारीबाग डीसी को सौंपा है। कहा है की अब तक पूरे हजारीबाग में वर्षा का अनुपात मात्र सात प्रतिशत है। वहीं, विष्णुगढ़ प्रखंड में मात्र चार फीसदी बारिश हुई है। इधर, धान का बिचड़ा लगाने का समय गुजरता जा रहा है। पर्याप्त बारिश के अभाव में अभी तक धान का बीज किसान खेतों में नहीं लगा पाए हैं। जिससे उनमें मायूसी हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि अभी से हीं पूरे हजारीबाग जिले में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पत्र सौंपकर राज्य सरकार को स्थिति से अवगत कराने की मांग की है ताकि किसानों को लाभ मिल सके।



# बड़कागांव को बाल मजदूर मुक्त बनाने को लेकर जन सेवा परिषद प्रयासरत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : जन सेवा परिषद एक स्वयंसेवी संस्था के द्वारा पिछले तीन दशक से बाल मजदूरी को रोकने के लिए प्रयासरत है। झारखंड के कई जिलों में से बड़कागांव में जन सेवा परिषद द्वारा 2014 से चाइल्ड लाइन 1098 एवं सीएससीएल से मिलकर लगातार बाल मजदूरी को रोकने को तनिक भी कोताही नही बरत रहे हैं। जिसमें वह बहुत हद तक सफल भी हुआ है परंतु वर्तमान समय में कोविड-19 जैसे महामारी फैलने के कारण तथा बड़कागांव में बृहद रूप से माइनिंग होने के कारण भी वर्तमान समय में बाल मजदूरी त्रीव गति से बढ़ चुकी है। इसके रोकथाम के लिए जन सेवा परिषद लगातार भ्रमण कर रही ताकि बाल मजदूरी पूर्ण रूप से खत्म हो सके। साथ हीं समय-समय पर प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को बच्चों के बाल मजदूरी करने की वजह से भविष्य में होने वाली दुष्परिणाम एवं संकट के बारे में बताया जाता रहा है। समय-समय पर ऐसी समस्याओं के निष्पादन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों की भी सहयोग मिलती रही है। जन सेवा परिषद का मुख्य लक्ष्य बड़कागांव को बाल मजदूर मुक्त बनाना है इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे कि बच्चों का भविष्य सुनहरा और उज्जवल हो सके।

# कांडतरी पंचायत में नुक्कड़ नाटक कर जन जागरूकता का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : जिला सूचना संपर्क के माध्यम से जिले से आए हुए कलाकारों द्वारा कांडतरी पंचायत समिति सदस्य पूर्वी रंजीत कुमार चौबे की उपस्थिति में ग्राम सोनपुरा के देवी अस्थान प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न तरह की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही वज्रपात से बचने के उपाय हर घर नल से जल साफ सफाई खुले में शौचालय का इस्तेमाल नहीं करना एवं पेड़ पौधा लगाना वातावरण को दूषित ना करना सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करना पानी बचाना एवं अन्य कई तरह की जानकारियां दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे, राजू राम ,बनवारी राम, कारू राम, सरवन राम, भोला महतो ,संजीत राम, रामदेव महतो, राजेंद्र कुमार ,अजय महतो ,बालेश्वर राम, तुलसी महतो ,सुबोध कुमार, महादेव महतो, एवं अन्य सैकड़ों ग्रामीण माताएं बहने उपस्थित रहे।

# जिप सदस्य गीता देवी ने दसकर्मा के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गीता देवी के प्रतिनिधि दीपक करमाली के सौजन्य से नयाटाण्ड़ पंचायत के निवासी 30 वर्षीय हुलास भुइया के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मौके पर दीपक करमाली ने अपने निजी खर्च से दसकर्मा पर मृतक के पत्नी मसोमात संगीता देवी को आटा चावल दाल सरसों तेल आदि खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। दीपक ने कहा कि मृतक अपने पीछे पत्नी समेत 3 बच्चे छोड़ गया है। आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है हम सभी को बढ़-चढ़कर से सहयोग करना चाहिए।मौके पर उपस्थित दिपक करमाली, नदंकिशोर मेहता, रंजीत मेहता ,काशिफ सेख, रिंकु ,अंशु साव समेत कई लोग उपस्थित थे।




# ग्यारह जुलाई को जिले के धरना में शामिल होंगे कान्हाचट्टी के सभी डीलर

## डीलर संघ कान्हाचट्टी में बैठक कर लिया निर्णय

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के शायल बगीचे में कान्हाचट्टी डीलर संघ की बैठक प्रखण्ड सचिव बालेश्वर यादव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश यादव ने किया।बैठक में नौ सूत्री मांगों को लेकर बैठक किया गया जिसमें राःट्रीय खाद सुरक्षा योजना चालाया रहे देश के सभी विक्रेताओं को वर्ल्ड फूड प्रोग्राम द्वारा अनुशषित 440 प्रति क्विंटल खादानो में कमीशन की राशि की स्वीकृति दिए जाने के साथ पचास हजार रुपये मासिक तक कि आय को सुनिश्चित किया जाए।चावल ,गेहूं चीनी जैसे खाद्य पदार्थो में एक किलो प्रति क्विंटल की डांडिलनग ल०स देने पर बनी सहमति के आधार पर सभी राज्यो में इसे अविलम्ब लागू कार्रवाई जाए,कोरोना संक्रमण से मृतक राशन डीलरों के परिजनों के लिए अलग से मुआवजा नीति की घोषणा करते हुए देश के सभी राशन विक्रेताओं को कोरोना योद्धा के रूप में घोषित किया जाए सहित अन्य मांग सामिल है।बैठक में जितेंद्र दुबे,हमनी देवी,प्रदीप दाँगी,राजेन्द्र पांडेय,शम्भू सिंह,अशोक दाँगी,बिरेन्द्र सिंह,सहित सभी डीलर मौजूद थे।

